पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग),
भारत सरकार

****

'हर काम देश के नाम'

नई दिल्ली, अग्रहायण 25, 1945
शनिवार, दिसम्बर 16, 2023

राष्ट्रपति ने 1971 के युद्ध में भारत की जीत के उपलक्ष्य में विजय दिवस पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उनकी वीरता, समर्पण, बलिदान तथा अटूट साहस हमेशा लोगों के दिलों और देश के इतिहास में अंकित रहेगी: प्रधानमंत्री

रक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, नई दिल्ली में वीर सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने 16 दिसंबर, 2023 को विजय दिवस के अवसर पर वीर शहीद नायकों को समग्र राष्ट्र की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। विजय दिवस 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में मनाया जाता है। राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट के माध्यम से कहा कि राष्ट्र सशस्त्र बलों के कर्मियों के उस निस्वार्थ बलिदान और अदम्य साहस को कृतज्ञता के साथ याद करता है जिसने भारत की जीत सुनिश्चित की।

https://x.com/rashtrapatibhvn/status/1735865398753665450?s=46&t=Kjy9krj26KvXPciRBKokww

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी वीर सैनिकों के बलिदान और अटूट साहस को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि हमारे वीरों का जज्बा हमेशा लोगों के दिलों और देश के इतिहास में अंकित रहेगा।

https://x.com/narendramodi/status/1735862533947605275?s=46&t=Kjy9krj26KvXPciRBKokww

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों के कर्मियों के अदम्य साहस और वीरता को याद करते हुए कहा कि हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है जिन्होंने हर परिस्थिति में निडर होकर हमारे देश की रक्षा की है।

https://x.com/rajnathsingh/status/1735868006566449284?s=46&t=Kjy9krj26KvXPciRBKokww

रक्षा मंत्री ने इस दिन को चिह्नित करने के लिए नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, रक्षा सचिव श्री गिरिधर अरमाने और वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

https://x.com/spokespersonmod/status/1735842453612364223?s=46&t=Kjy9krj26KvXPciRBKokww

एबीबी/एसएस